(40)

भारत सरकार / Government of India
पोत परिवहन मंत्रालय / Ministry of Shipping
मुख्य अभियंता एवं प्रशासक कार्यालय / Office of the Chief Engineer & Administrator
अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य / Andaman Lakshadweep Harbour Works
पोर्ट ब्लेयर / Port Blair-744101

संख्याः अलबनिका/राभा/20(5)/2014/ 815

दिनांकः 22.3.2018

सेवा में,

निदेशक,
~~आदिम~~ जनजाति कल्याण विभाग,
अंडमान तथा निकोबार प्रशासन,
पोर्ट ब्लेयर ।

Dairy No. 1073
Date 22/3/18

विषय :- विभागीय पत्रिका में "जारवा" के चित्र की छपाई की अनुमति के बारे में ।

महोदय,

हमारा कार्यालय, जो कि एक केंद्रीय सरकारी कार्यालय है, "उत्सर्ग" नामक हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है । हमने इस पत्रिका में जारवा पर लेख के साथ-साथ जारवा के कुछ फोटो, जिसे हमने इंटरनेट से डाउनलोड किया है, भी छापने का निर्णय लिया है ।

आपके कार्यालय में हमारे प्रतिनिधि द्वारा की गई चर्चा के अनुसार फोटो के प्रकाशन के लिए आपके विभाग की अनुमति आवश्यक है । अतः आपसे अनुरोध है कि उत्सर्ग पत्रिका में जारवा के फोटो प्रकाशित करने के लिए आवश्यक अनुमति यथाशीघ्र प्रदान की जाए ताकि हम प्रकाशन का कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर सकें । इस संबंध में जारवा के लेख के साथ-साथ उनके फोटो भी आपके अवलोकनार्थ संलग्न है ।

अनुलग्नक : जारवा का रंगीन सचित्र लेख

भवदीय,

डी.के.पाण्डेय

(डी. के. पाण्डेय)
प्रशासनिक अधिकारी(अलबनिका)